**चरण III** – (क) ''ऑनलाइन आवेदन पत्र, चरण- III ई-प्रवेश पत्र का रंगीन प्रिंटआउट'' (ख) आवेदन प्रपत्र में यथा प्रस्तुत मूल दस्तावेज और चरण II के लिए लघुसूचीबद्ध होने के उपरांत उम्मीदवार लॉगिन (ग) विधिवत स्वयं सत्यापित सभी मूल दस्तावेजों की 03 फोटो प्रतियां (घ) आवेदन पत्र में यथा प्रस्तुत 30 नग पासपोर्ट आकार रंगीन फोटोग्राफ (ङ) नीली पृष्ठभूमि के साथ 3.5 सें.मी. × 2.5 सें.मी. विशिष्टता का रंगीन फोटोग्राफ - (10 नग) (च) माता-पिता का सहमति प्रमाणपत्र-(एक मूल प्रति और 02 जेरॉक्स प्रतियां)(छ) पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र-(एक प्रति मूल और 02 जेरॉक्स प्रतियां) (ज) परिवार विवरण प्रमाणपत्र - (एक प्रति मूल और 02 जेरॉक्स प्रतियां) (झ) चरित्र प्रमाणपत्र-(एक प्रति मूल और 02 जेरॉक्स प्रतियां) (ट) सहमति प्रमाणपत्र-(एक प्रति मूल और 02 जेरॉक्स प्रतियां) (ठ) सत्यापन फार्म (संवर्ग नाम के साथ) - (03 प्रतियां मूल) (ड) आधार कार्ड- (एक मूल प्रति और 07 जेरॉक्स प्रतियां) (ढ) पैन कार्ड- (एक प्रति मूल और 07 जेरॉक्स प्रतियां). (ण) वर्तमान में किसी सरकारी संगठन में सेवारत उम्मीदवारों के लिए नियोक्ता से मूल अनापत्ति प्रमाणपत्र और 4 स्वयं सत्यापित फोटो प्रति (यदि लागू **है**). (त) आवेदन-पत्र में यथा वर्णित फोटो पहचान-पत्र.

**टिप्पणी- (i) चरण**-III के क्रम सं. (f) से क्रम सं. (l) तक के प्रपत्र भारतीय तट रक्षक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं.

**(ii) चरण I, II और III के दौरान (क्रम सं. (d) चरण-I और क्रम सं. (m) और (n) चरण-III को छोड़कर) उक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहने से उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी. अजा/अजजा/अपिव (गैर संपन्न)/ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र , यदि लागू है, उपलब्ध कराना होगा.**

**(iii)** सभी फोटो प्रतियां **हस्ताक्षर से स्वयं** सत्यापित होनी चाहिए. फोटोप्रतियों में भी उम्मीदवार का नाम और अनुक्रमांक होना चाहिए.

11. चिकित्सा मानदंड.

a. चिकित्सा जांच एंट्री पर एनरॉल **किये गये** कार्मिक के लिये वर्तमान लागू विनियमों में निर्धारित चिकित्सा मानदंड के अनुसार अधिकृत सैन्य **चिकित्सकों द्वारा संचालित** किया जायेगा.

**b. कद.** न्यूनतम कद 157 सें.मी. **असम,** नगालैंड, मिज़ोरम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, गढ़वाल, **सिक्किम और** अंडमान तथा निकोबार **द्वीपसमूह** के अधिवासी उम्मीदवारों के लिए कद संबंधी मानदंडों में 157 सें.मी. से नीचे **05 सें.मी. तक** की कमी **की** जा **सकती** है. लक्षद्वीप के अधिवासी उम्मीदवारों के लिए कद संबंधी मानदंडों को **02 सें.मी. तक** घटाया जा सकता है.

**c. सीना. समानुपातिक** होना चाहिये. **न्यूनतम** विस्तार 5 सें.मी.

**d. भार कद और आयु के समानुपातिक.** 10 प्रतिशत ± स्वीकार्य होगा.

e. हियरिंग सामान्य.

**टिप्पणी: (i) उम्मीदवारों को सलाह** दी जाती है कि वे **चिकित्सा जांच से पहले अपने कानों से मैल निकलवा लें और दांतों से टार्टर हटवा लें.**

**(ii) कद में छूट का दावा कर रहे उम्मीदवारों को चिकित्सा अधिकारी को अधिवास प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना है. अधिवास प्रमाणपत्र प्रस्तुत** करने में विफल रहने पर कद में छूट का लाभ नहीं मिलेगा.

**f. टैटू: शरीर के किसी भी हिस्से** में स्थाई शरीर टैटू की अनुमति नहीं है. लेकिन भारत सरकार द्वारा यथा घोषित **जनजातीय क्षेत्रों** के समुदायों **से संबंधित** उम्मीदवारों के लिये कुछेक रियायतों की अनुमति है. अन्य उम्मीदवारों के लिये स्थाई शरीर टैटू केवल ईनर **फेस अथवा फोर** आर्म्स पर अनुमति है अर्थात कुहनी से अंदर से कलाई के अंत तक हथेली के उलटी तरफ/हाथ के **पीछे की तरफ (डोर्सल)** तक. इस संबंध में विवरण भारतीय तट रक्षक भर्ती वेबसाइट: **https://joinindiancoastguard.cdac.in पर** उपलब्ध है.

**टिप्पणी:** केवल उपर्युक्त चिकित्सा **मानदंड पूरा करने वाले** उम्मीदवारों को चयन के लिए उपस्थित होना है. उपर्युक्त मानदंडों में कोई माफी नहीं दी जाएगी. **नाविक (जीडी/डीबी)** और यांत्रिक के चिकित्सा मानदंड पर तट रक्षक का आदेश अंतिम प्राधिकार होगा. भारतीय तट **रक्षक में समान** एंट्री के लिए पूर्व की भर्ती में किसी सशस्त्र सेना अस्पतालों द्वारा स्थाई तौर पर मेडिकली अनफिट घोषित आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन न करें.

**12. प्रशिक्षण.** बुनियादी प्रशिक्षण **नाविक (सामान्य ड्यूटी) और यांत्रिक के लिए अगस्त, 2022** में तथा **नाविक (घरेलू शाखा)** के लिए **अक्तूबर 2022** में आईएनएस चिल्का में आरंभ होगा, इसके बाद समुद्री प्रशिक्षण और आबंटित ट्रेड में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जायेगा. शाखा/ट्रेड का आबंटन सेवा की आवश्यकता और बुनियादी प्रशिक्षण के दौरान कार्यनिष्पादन के आधार पर किया जायेगा. प्रशिक्षण के दौरान नाविकों (जीडी/डीबी)/यांत्रिकों को किसी भी समय यदि उनकी प्रगति (अकादमिक सहित) अथवा आचरण असंतोषजनक पाया जाता है तो अनुपयुक्त के तौर पर डिस्चार्ज किया जा सकता है. प्रशिक्षुओं को भी प्रशिक्षण के किसी भी चरण में डिस्चार्ज किया जा सकता है यदि उनके ऑनलाइन आवेदन अथवा दस्तावेजों में भर्ती के किसी भी चरण में झूठी बातें पाई जाती हैं.

**13. सामान्य अनुदेश. (उम्मीदवार द्वारा पालन किया जाना है अन्यथा उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी).**

a. किसी अन्य सेना प्रशिक्षण स्थापनाओं से अनुशासन आधार पर लौटाए गए उम्मीदवार उपस्थित होने के पात्र नहीं हैं.

b. उम्मीदवार की गिरफ्तारी, दोषसिद्धि नहीं हुई होनी चाहिए अथवा किसी कानूनी अदालत में आपराधिक आरोप लंबित न हों. आपराधिक कार्यवाहियों का सामना कर रहे उम्मीदवार इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में आवेदन करने से प्रतिबंधित हैं.

c. चरण II के समय प्रस्तुत किए गए सभी मूल प्रमाणपत्र और अंक शीटें सत्यापन के उपरांत उम्मीदवारों को लौटा दी जाएंगी. चरण III के समय प्रस्तुत सभी मूल प्रमाणपत्र और अंक शीटें यदि चरण III उत्तीर्ण हो जाता है तो भारतीय तट रक्षक द्वारा रख लिए जाएंगे अथवा यदि असफल घोषित होते हैं तो सत्यापन के उपरांत उम्मीदवारों को लौटा दिए जाएंगे.

d. उम्मीदवार का एक खास बैच से संबंधित चयन केवल उसी बैच के लिये वैध है. अर्हक उम्मीदवार जिनके नाम अंतिम चयन सूची में शामिल नहीं होते हैं वे अगले बैच में प्रवेश के लिये दावा नहीं कर सकते हैं. इन उम्मीदवारों को नये सिरे से चयन प्रक्रिया में शामिल होना होगा बशर्ते कि वे यथा निर्धारित नियमों और विनियम के अनुसार नये बैच के लिये पात्रता मानदंड को पूरा करते हों.

e. डाक से प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा.

f. चरण III के लिए ई-प्रवेश पत्र केवल उन उम्मीदवारों को अग्रेषित किए जाएंगे जो चरण II में आरंभिक मेडिकल में

(क्रमशः)

उत्तीर्ण होंगे तथा रिक्तियों के अनुरूप मैरिट में बने रहेंगे. ऐसे उम्मीदवारों के लिए आईएनएस चिल्का में अपने स्वयं के खर्च पर पहुंचना अपेक्षित होगा. असफल उम्मीदवारों को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा.

**g. इस बैच के लिए 31 दिसंबर 2022 के बाद भर्ती/एनरॉलमेंट के संबंध में किसी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा.**

**h.** परीक्षाओं की प्रक्रियाओं के दौरान नकल करने/कदाचार सहित अनुशासन विरुद्ध गतिविधियां भी अयोग्यता होंगी. नकल करने/गलत व्यवहार के संबंध में भारतीय तट रक्षक का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा.

**i. एनरॉलमेंट से पहले मूल आवेदन और मूल दस्तावेजों की पात्रता के लिए आगे जांच की जाएगी और यदि भर्ती के किसी भी चरण में और यहां तक कि सेवा में शामिल होने के उपरांत भी पात्र नहीं पाए जाने पर अस्वीकार किया जा सकता है.**

**j. ''मुक्त विद्यालय'' संस्थानों, जो कि अभातशिप/सीओबीएसई से मान्यताप्राप्त नहीं हैं, से उम्मीदवार पात्र नहीं हैं.**

**k.** परीक्षा केंद्र उम्मीदवार को आवेदन में दी गई उसकी प्राथमिकताओं के अनुरूप और जिसने सफल भुगतान करके (अजा/अजजा उम्मीदवारों को छोड़कर, जिन्हें फीस के भुगतान से छूट है) सफलतापूर्वक आवेदन प्रस्तुत किया है, आबंटित किया जाएगा. यदि एक परीक्षा शहर के लिए अधिक संख्या में उम्मीदवार आवेदन कर रहे हैं, तट रक्षक के पास कोई अन्य परीक्षा शहर आबंटित करने का अधिकार सुरक्षित है जो कि उम्मीदवार की प्राथमिकता सूची में शामिल अथवा शामिल नहीं हो सकता है.

**l.** तट रक्षक के पास एक केंद्र की परीक्षा निरस्त करने और परीक्षा को किसी अन्य तिथि तथा केंद्र के लिए शिफ्ट करने का अधिकार सुरक्षित है.

**m.** तट रक्षक के पास बगैर कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में इस बैच की संपूर्ण भर्ती को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है.

**n.** परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रयोग की अनुमति नहीं है. तट रक्षक ऐसी चीजें रखने को अनुचित तरीके अपनाए गए मानता है. यदि कोई उम्मीदवार चरण I, II और III के दौरान **मोबाइल, ब्लूटूथ,** स्कैनिंग के किसी अन्य प्रकार का उपकरण आदि के साथ पकड़ा जाता है तो उसकी **उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी** और तत्काल एफआईआर दायर करने सहित कानून के अनुसार कार्रवाई शुरू **कर दी जाएगी.**

**o.** तट रक्षक किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के सुरक्षित रखने की गारंटी नहीं **दे सकता. उम्मीदवारों** को लिखित परीक्षा शुरू होने के बाद शौचालय जाने/किसी भी कारण से हॉल छोड़ने की **अनुमति नहीं दी** जाएगी.

**p.** परीक्षा स्थल में प्रवेश करने से पहले सभी उम्मीदवारों की जांच **की जाएगी.**

**q.** सभी उम्मीदवारों से अनुरोध है कि चौकन्ने रहें तथा किसी **भी उम्मीदवार** की कोई संदिग्ध गतिविधि का पता चलते ही तत्काल पर्यवेक्षक की जानकारी में ले आएं.

**r.** उम्मीदवारों के पास सफल ऑनलाइन पंजीकरण के लिए **वैध ई-मेल** आईडी और मोबाइल नं. होना चाहिए. भारतीय तट रक्षक द्वारा उम्मीदवार के साथ पत्राचार केवल ई-मेल, **मोबाइल पर** एसएमएस और भारतीय तट **रक्षक वेबसाइट** के जरिए किया जाएगा. उम्मीदवारों को निदेशित किया जाता **है** कि भर्ती कार्यक्रम में किसी भी **बदलाव के लिए नियमित** रूप से भारतीय तट रक्षक की वेबसाइट और ई-मेल की **जांच करें. ई-मेल** और भारतीय तट **रक्षक वेबसाइट की नियमित** जांच करने में असफल रहने पर उम्मीदवार के विभिन्न भर्ती चरणों में रिपोर्ट नहीं करने **की स्थिति बन सकती है और** उम्मीदवारी निरस्त हो जाएगी. **ई-मेल और भारतीय तट रक्षक भर्ती वेबसाइट पर यथा प्रकाशित अद्यतन जानकारी का कोई प्रत्युत्तर नहीं होने से उम्मीदवारी निरस्त कर** दी **जाएगी. यदि उम्मीदवार ई-मेल और वेबसाइट के जरिए महत्वपूर्ण भर्ती जानकारी की नियमित जांच** करने **में असफल रहता है तो भारतीय तट रक्षक जिम्मेदार नहीं होगा.**

**s.** उम्मीदवारों को पूरी सावधानी के साथ ऑनलाइन आवेदन **पत्र** भरना चाहिए **क्योंकि प्रस्तुति** के उपरांत आवेदन में किसी परिवर्तन की अनुमति नहीं है. ऑनलाइन आवेदन में कोई **भी झूठी सूचना** दिए जाने से उम्मीदवारी निरस्त हो जाएगी. परीक्षा के विभिन्न चरणों में ऑनलाइन आवेदन में झूठी सूचना की **उनकी** गलती स्वीकार करने के बारे में उम्मीदवार द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित शपथ पत्र पर विचार नहीं किया **जाएगा और उनकी** उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी.

**t.** उम्मीदवारों को निदेशित किया जाता है कि पूरी सावधानी के साथ जाति का **यथा लागू विवरण** (अजा/अजजा/अपिव (गैर संपन्न)/ईडब्ल्यूएस) भरें क्योंकि आवेदन प्रस्तुति के बाद किसी परिवर्तन की **अनुमति नहीं है.** पूर्व में आवेदन पत्र में गलत जाति घोषित करने वाले कुछ उम्मीदवारों ने तट रक्षक से लिखित परीक्षा में सामान्य उम्मीदवार के तौर पर उपस्थित होने की अनुमति देने का अनुरोध किया था. आवेदन पत्र में उम्मीदवारों द्वारा झूठी घोषणा किए जाने के आधार पर इसकी अनुमति नहीं दी जाती है और इससे भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण तथा सेवा में शामिल होने के बाद भी उम्मीदवार को निरस्त किया जा सकता है.

**u.** उम्मीदवारों को पूरी दृढ़ता से सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र की प्रस्तुति के लिए अंतिम तिथि के लिए इंतज़ार किए बिना समय रहते आवेदन करें.

**v.** चरण- I, II और III के लिए ई-प्रवेश पत्र में यथा उल्लिखित तिथि और समय पर रिपोर्ट करने में असफल रहने से उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी.

**w.** भारतीय तट रक्षक भर्ती प्रक्रिया के दौरान छद्मरूपण को बहुत गंभीरता से लेता है. आवेदक और प्रॉक्सी उम्मीदवार दोनों के विरुद्ध एफआईआर/आपराधिक कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी.

**(y)** किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा परिसरों में किसी भी तरह से दुर्व्यवहार नहीं करना चाहिए अथवा कोई विकृत दृश्य उत्पन्न नहीं करना चाहिए. **किसी भी प्रकार से कदाचार करने वाले उम्मीदवार को भारतीय तट रक्षक की वर्तमान और भविष्य की परीक्षाओं से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा.** उम्मीदवार की पात्रता अथवा ऑनलाइन परीक्षा (चरण-I), पीएफटी/पुनः मूल्यांकन परीक्षा/आरंभिक मेडिकल (चरण-II), आईएनएस चिल्का में अंतिम मेडिकल (चरण-III), मूल दस्तावेजों का सत्यापन (चरण-IV) में उम्मीदवार के प्रवेश को लेकर भारतीय तट रक्षक का निर्णय अंतिम और उम्मीदवार के लिए बाध्यकारी होगा. **उम्मीदवार, जिनकी उम्मीदवारी गलत तरीके अपनाने/कदाचार के कारण सीजीईपीटी 01/2022 में और पूर्व के बैचों में निरस्त कर दी गई थी, वे आवेदन करने के लिए अपात्र हैं.**

**(z)** भारतीय तट रक्षक उम्मीदवार के अंतिम तिथि के भीतर अपना आवेदन प्रस्तुत करने में असमर्थ रहने अथवा भारतीय तट रक्षक के नियंत्रण से बाहर के किसी अन्य कारण से आवेदन प्रस्तुत न कर पाने की जिम्मेदारी नहीं लेता है.

**(aa)** उम्मीदवारों को नोट कर लेना चाहिए कि परीक्षा में उनका प्रवेश उनके द्वारा आवेदन पत्र में प्रदान की गई सूचना के आधार पर पूर्णतः अनंतिम होगा. यह भारतीय तटरक्षक द्वारा सभी पात्रता शर्तों के सत्यापन के विषयाधीन होगा. मात्र इस तथ्य के कि उम्मीदवार को प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है, यह अर्थ नहीं होगा कि उसकी उम्मीदवारी को भारतीय तट रक्षक द्वारा अंतिम रूप से मान लिया है अथवा उम्मीदवार द्वारा उसके आवेदन में की गई प्रविष्टियों को प्रारंभिक परीक्षा के लिए भारतीय तट रक्षक ने सही और सत्य के तौर पर स्वीकार कर लिया है. उम्मीदवार नोट कर लें कि भारतीय तट रक्षक उम्मीदवार की पात्रता शर्तों का सत्यापन मूल दस्तावेजों के साथ केवल उम्मीदवार के चरण II/चरण III के लिए अर्हता प्राप्त करने के बाद करता है. जब तक कि भारतीय तट रक्षक द्वारा दस्तावेजों के संबंधित बोर्डों/विश्वविद्यालयों से सत्यापन के उपरांत सेवा में औपचारिक पुष्टि नहीं कर ली जाती है उसकी उम्मीदवारी अनंतिम बनी रहेगी. पात्रता अथवा परीक्षा में प्रवेश के लिए अन्य प्रकार से उम्मीदवारी के तौर पर भारतीय तट रक्षक का निर्णय अंतिम होगा.

**(ab)** परीक्षाओं के संचालन में कुछ समस्याएं होने की संभावना से पूरी तरह से इन्कार नहीं किया जा सकता है, जो परीक्षा और/अथवा परिणाम तैयार करने के काम को प्रभावित कर सकता है. ऐसी स्थिति में ऐसी समस्या को सुधारने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा जिसमें उम्मीदवारों का मूमेंट, परीक्षा में देरी शामिल हो सकती है. पुनः परीक्षा का आयोजन पूर्णरूपेण भारतीय तट रक्षक/परीक्षा आयोजन संस्था के पूर्ण विवेकाधीन होगा. पुनः परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को कोई दावा नहीं होगा. मूव करने के अनिच्छुक उम्मीदवार अथवा जो परीक्षा की देरी की प्रक्रिया में शामिल होने के इच्छुक नहीं हैं उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर नामंजूर कर दिया जाएगा.

**(ac)** कृपया नोट कर लें कि उक्त विज्ञापन पर जारी कोई शुद्धिपत्र, यदि कोई है, केवल वेबसाइट **https://joinindiancoastguard.cdac.in** पर प्रकाशित किया जाएगा और किसी भी शुद्धिपत्र के लिए उम्मीदवारों को नियमित रूप से वेबसाइट को देखते रहना होगा. यदि उम्मीदवार वेबसाइट पर जारी शुद्धिपत्र को देखने में असफल रहता है और तद्नुरूप कार्रवाई नहीं करता है अथवा आवश्यक शुद्धिपत्र की अनुपालना नहीं करता है तो भारतीय तट रक्षक की जवाबदेही नहीं होगी.

**(ad)** सीजीईपीटी 01/2022 अथवा पूर्व के बैचों के दौरान कदाचार में संलिप्त उम्मीदवार को आवेदन करने की अनुमति नहीं है.

**(ae)** उम्मीदवार के विरुद्ध किसी भी अदालत में आवेदन के समय और चरण-IV/प्रशिक्षण अकादमी में ज्वाइनिंग तक परीक्षा/चयन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के दौरान कोई आपराधिक मामला लंबित/अपेक्षित नहीं होना चाहिए.

**(af)** उम्मीदवारों को वेबसाइट **https://joinindiancoastguard.cdac.in** पर एफएक्यूज की जांच कर लेनी चाहिए और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुति के समय तथा परीक्षा के विभिन्न चरणों में इनका पालन करना चाहिए. एफएक्यू सं. 38 अजा/अजजा/अपिव (गैर संपन्न वर्ग)/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों को समझने और अनुपालन करने की आवश्यकता है.

**(ag)** उम्मीदवारों को निर्देश दिया जाता है कि वे भारतीय तट रक्षक वेबसाइट पर विभिन्न घोषणाओं को देखने के लिए दैनिक आधार पर भारतीय तट रक्षक की वेबसाइट और उम्मीदवार के डैशबोर्ड को देखें. भारतीय तट रक्षक वेबसाइट पर अनुदेशों का पालन करने में असफलता से भर्ती प्रक्रिया की अनुपालना नहीं किया गया माना जाएगा और इससे उम्मीदवारी निरस्त हो सकती है. चरण-I, चरण-II और चरण-III के लिए ई-प्रवेश पत्र की डाउनलोडिंग और विभिन्न चरणों का परिणाम उम्मीदवार की लॉगिन के जरिए भारतीय तट रक्षक की वेबसाइट पर घोषित/प्रकाशित किया जाएगा और उम्मीदवारों को नियमित रूप से वेबसाइट को देखने तथा सभी अनुदेशों का पालन करने का निर्देश दिया जाता है. यदि **उम्मीदवार** प्रत्येक चरण के पूरा होने से लेकर परिणाम के प्रकाशन तक दैनिक आधार पर भारतीय तट **रक्षक की वेबसाइट देखने** और समय-समय पर इसमें दिए गए अनुदेशों का पालन करने में विफल रहता है तो भारतीय तट रक्षक **जिम्मेदार नहीं होगा.** उम्मीदवार के साथ सम्प्रेषण की प्राथमिक पद्धति भारतीय तट रक्षक वेबसाइट अथवा ई-मेल के जरिए है.

**(ah)** उम्मीदवार को ऑनलाइन **आवेदन** भरने के दौरान प्रविष्ट किए गए अपने मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी को **अवश्य** याद रखना चाहिए **क्योंकि उम्मीदवारों** के साथ पत्राचार केवल ई-मेल आईडी के जरिए किया जाएगा. आवेदन प्रस्तुति के उपरांत उम्मीदवार **केवल एनक्रिप्टिड** स्वरूप में ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर देखेंगे.

**(aj)** दस्तावेजों/अतिरिक्त **दस्तावेजों की** अपलोडिंग चरण-II के लिए ई-प्रवेश पत्र की डाउनलोडिंग तक सीमित है. चरण-II के लिए ई-प्रवेश पत्र की **डाउनलोडिंग** के उपरांत उम्मीदवार द्वारा कोई भी दस्तावेज अपलोड नहीं किया जा **सकता** है. भारतीय तट रक्षक द्वारा **घोषित समय** के भीतर दस्तावेजों की अपलोडिंग में विफल रहने पर उम्मीदवार की **उम्मीदवारी** निरस्त की जा सकती है. **चरण-II के** लिए ई-प्रवेश पत्र की डाउनलोडिंग के उपरांत नया दस्तावेज अपलोड **करने के किसी** अनुरोध पर विचार **नहीं** किया जाएगा.

**14. यात्रा व्यय.** अजा/अजजा उम्मीदवार, **जो** कि केंद्रीय/राज्य सरकार में सेवारत नहीं हैं, को मूल टिकट प्रस्तुत करने **पर परीक्षा (चरण I)** के स्थान से, यदि गृह नगर 30 कि.मी. से अधिक दूरी पर स्थित है, सबसे छोटे मार्ग से केंद्रीय **सरकार के विनियमों** के अनुरूप **ट्रेन से साधारण** द्वितीय श्रेणी/सरकारी बस के किराए/स्टीमर प्रभारों की प्रतिपूर्ति की जाएगी. अजा/अजजा उम्मीदवारों को **भारतीय** तट रक्षक वेबसाइट से यात्रा फार्म डाउनलोड करना होगा और भारतीय तट रक्षक को प्रस्तुत करना **होगा.**

15. वेतन, अनुलाभ **और अन्य लाभ.**

**a. नाविक (सामान्य ड्यूटी).** मूल वेतन रु. 21700/- (वेतन लेवल-3) साथ में मंहगाई भत्ता और लागू विनियमों के अनुरूप **ड्यूटी की प्रकृति/तैनाती** के स्थान पर आधारित अन्य भत्ते.

**b. नाविक (घरेलू शाखा).** नाविक (डीबी) के लिए मूल वेतनमान रु. 21700/- (वेतन लेवल-3) है, साथ में मंहगाई भत्ता **और लागू विनियमों के** अनुरूप ड्यूटी की प्रकृति/तैनाती के स्थान पर आधारित अन्य भत्ते.

**c. यांत्रिक.** मूल वेतन रु. 29200/- (वेतन लेवल-5). इसके अलावा आपको 6200/- रु. यांत्रिक वेतन साथ में मंहगाई भत्ता और लागू **विनियमों के अनुरूप ड्यूटी** की प्रकृति/तैनाती के स्थान पर आधारित अन्य भत्तों का भुगतान किया जाएगा.

16. पदोन्नति और अनुलाभ.

a. पदोन्नति की संभावनाएं, वेतनमान **रु. 47600/- (वेतन** लेवल 8) और यांत्रिक वेतन रु. 6200/- की दर से, साथ में मंहगाई भत्ता, प्रधान अधिकारी/**प्रधान सहायक के रैंक** तक उपलब्ध हैं. अधिकारी संवर्ग में पदोन्नति सुयोग्यता और कार्यनिष्पादन के विषयाधीन है.

b. अन्य लाभ.

i. मौजूदा नियमों के अनुरूप मुफ्त राशन और वर्दी. आश्रित माता-पिता सहित स्वयं और परिवारजनों के लिए मुफ्त चिकित्सा इलाज की सुविधा है.

ii. नाममात्र की फीस पर स्वयं और परिवार के लिए सरकारी आवास अथवा सरकार से अनुमोदित म.कि.भ.

iii. हर साल 45 **दिनों** का अर्जित अवकाश और 08 दिनों का आकस्मिक अवकाश साथ में स्वयं, परिवार और आश्रित माता-पिता के लिए सरकारी नियमों के अनुरूप अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी).

iv. सेवानिवृत्ति पर अंशदायी पेंशन योजना और ग्रेच्युटि.

v. कैंटीन और विभिन्न ऋण सुविधाएं.

vi. सेवानिवृत्ति के उपरांत ईसीएचएस चिकित्सा सुविधाएं.

**c. बीमा कवर.** नामांकित कार्मिक के लिए 50 लाख रु. का बीमा कवर (अंशदान पर) लागू है.

**टिप्पणी:-** वेतन, लाभ, पदोन्नति, बीमा कवर और अन्य लाभ सरकारी आदेशों के अनुरूप परिवर्तन के विषयाधीन हैं.

***उम्मीदवारों को विज्ञापन के हिंदी रूपांतर और पूर्ण अद्यतनों के लिए भारतीय तट रक्षक भर्ती वेबसाइट https://joinindiancoastguard.cdac.in को देखना होगा. यह केवल सांकेतिक विज्ञापन है.**

**चेतावनी: भारतीय तट रक्षक में चयन निष्पक्ष और मैरिट के आधार पर होता है. उम्मीदवारों को भर्ती एजेंट के तौर पर अपने को प्रस्तुत करने वाले धोखेबाज़ व्यक्तियों के बहकावे में नहीं आना चाहिए. ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध शिकायत के लिए उम्मीदवार को निदेशक (भर्ती), तट रक्षक मुख्यालय, भर्ती केंद्र, नोएडा को टेलीफोन नं.-0120-2975817 पर शिकायत करनी चाहिए.**

डिस्क्लेमर

इस विज्ञापन में दी गई निबंधन एवं शर्तें केवल दिशा-निर्देश मात्र हैं और भर्ती प्रक्रिया के दौरान समय-समय पर यथा संशोधित सरकार द्वारा जारी आदेश लागू होंगे.

**ऑनलाइन आवेदन के लिए अंतिम तिथि- 14 जनवरी, 2022 (1700 बजे) है.**

आवेदन करने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें

(पृष्ठ 2 का शेष)

| पद का नाम | वेतनमान | शैक्षिक योग्यता और अन्य योग्यता |
|---|---|---|
| | | (iii) सभी प्रकार के अग्निशमकों, होज़ फिटिंग और अग्निशमन उपकरण जैसे फायर इंजन, ट्रेलर फायर पंप और फोम ब्रांचेस के प्रयोग और रख-रखाव से अवगत होना चाहिए.<br>(iv) शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए और मेहनती कार्य करने में सक्षम होना चाहिए और नीचे दी गई परीक्षा को पास किया होना चाहिए:<br>**वांछनीय:**<br>(i) विभिन्न प्रकार के अग्निशमन उपकरणों के रख-रखाव और ऑपरेशन से अवगत होना चाहिए.<br>(ii) फायरमैन ग्रेड-I या वरिष्ठ फायरमैन के रूप में नियमित सिविल या रक्षा अग्निशमन ब्रिगेड में काम करने का अनुभव.<br>(iii) रक्षा अग्निशमन अनुसंधान संस्थान, रक्षा मंत्रालय का सामान्य अग्निशमन पाठ्यक्रम पास किया हुआ हो या राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा कॉलेज, नागपुर से उपअधिकारी पाठ्यक्रम, नागपुर या अन्य कोई समान मान्यताप्राप्त पाठ्यक्रम पास किया हो.<br>**नोट:**<br>(i) जूतों के बिना ऊंचाई: 165 सेन्टीमीटर, अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के लिए ऊंचाई में 2.5 सेंटीमीटर की छूट.<br>(ii) छाती (बिना फुलाए)- 81.5 सेंमी<br>(iii) छाती (फुलाने पर)- 85 सेंमी<br>(iv) वजन- 50 किलो न्यूनतम.<br>(v) सहनशीलता परीक्षा-<br>1. एक व्यक्ति को उठाना (96 सैकेंड के अंदर 183 **मीटर** की दूरी तक 63.5 किलो के फायरमैन को **उठाना**).<br>2. दोनों पैरों पर 2.7 मीटर चौड़े **गड्ढे को** पार करना (**लंबी कूद**).<br>3. हाथ और पैर का प्रयोग **करके 3 मीटर की सीधी** रस्सी चढ़ना. |

**नोट:** पद का नाम सरकारी आदेशानुसार बदल सकता है.

**उम्मीदवारों/आवेदकों के लिए महत्वपूर्ण अनुदेश:**

4. पूर्व विज्ञापन के आधार पर इन पदों के लिए आवेदन कर **चुके उम्मीदवार**, यदि कोई है, अपात्र हैं और वर्तमान विज्ञापन के आधार पर नए आवेदन पत्र पर आवेदन करना होगा.

5. इच्छुक उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप के अनुसार अपने **आवेदन** सामान्य डाक द्वारा **''कमांडेंट, मुख्यालय, आर्टिलरी केन्द्र, नासिक रोड कैंप, पिन-422102''** को भेजने होंगे. उम्मीदवारों को आवेदन पत्र भेजते **समय** लिफाफे के ऊपर **''श्रेणी .................. (सामान्य, अजा, अजजा, अपिव, ईडब्ल्यूएस, भूपूसै, पीएचपी और एमएसपी) में ..... के पद हेतु आवेदन''** लिखना होगा.

6. **विधिवत स्व-सत्यापित** आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की फोटोप्रति **संलग्न की जानी चाहिए:**

क. अनिवार्य शैक्षिक योग्यता की अंकतालिका.

ख. जन्म प्रमाण के लिए मैट्रिक प्रमाणपत्र/नगरपालिका जन्म प्रमाणपत्र/स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र.

ग. विधिवत चिपके हुए रुपये 5/- की डाक मुहर के साथ **एक स्वपता** लिखित **लिफाफा**.

घ. फोटो के पीछे स्वयं द्वारा विधिवत सत्यापित एक हाल का **पासपोर्ट** आकार फोटो.

च. जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, पीपीओ और एईसी I/II द्वारा विधिवत सत्यापित भूतपूर्व-सैनिकों के मामले में सेवामुक्ति पुस्तिका या लागू अनुसार मैट्रिक प्रमाणपत्र.

छ. रोज़गार पंजीकरण कार्ड, यदि कोई है.

ज. अनुभव प्रमाणपत्र, यदि कोई है.

झ. आरक्षित पदों के लिए स्वयं द्वारा विधिवत सत्यापित जाति प्रमाणपत्र (**अजा**/अजजा **और अपिव**) की फोटोप्रति.

ट. यदि पीएचपी के लिए उम्मीदवार आवेदन कर रहे हैं तो असशक्तता प्रमाणित **करता सरकारी अस्पताल/सीएमओ** द्वारा जारी असशक्तता/चिकित्सा प्रमाणपत्र की प्रति.

7. निम्नलिखित आवेदन सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिए जाएंगे:

क. उम्मीदवार के हस्ताक्षर के बिना आवेदन.

ख. विज्ञापन में प्रकाशित अनुसार निर्धारित प्रारूप के अलावा प्रारूप में आवेदन.

ग. फैक्स/एडब्ल्यूएएन द्वारा प्राप्त आवेदन.

घ. किसी भी कारण के लिए अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन.

छ. अपूर्ण/अपात्र आवेदन.

ज. आवेदनपत्र पर हाल का फोटो ना चिपकाने और स्वयं द्वारा सत्यापित ना करने और यदि अतिरिक्त फोटो संलग्न नहीं किया गया है.

झ. अनिवार्य योग्यताओं की अंकतालिकाओं को सत्यापित नहीं किया गया है.

छ. एक श्रेणी/पद के लिए केवल एक आवेदन पर विचार किया जाएगा. एक श्रेणी /पद के लिए एक से अधिक आवेदन अग्रेषित करने वाले उम्मीदवारों की उम्मीदवारी को ऐसे उम्मीदवारों को सूचना दिए बिना सीधे अस्वीकार कर दिया जाएगा.

8. यह स्पष्ट किया जाता है कि मूल अनिवार्य योग्यता को पूरा कर लेने मात्र से उम्मीदवार लिखित परीक्षा के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं होगा. चयन, योग्यता आधार पर ही होगा. चयन/अस्वीकृति संबंधी नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा. भर्ती नियमों में निर्धारित के अलावा अतिरिक्त योग्यता को महत्व नहीं दिया जाएगा.

**9. आगे की चयन प्रक्रिया के लिए आवेदनों को अनिवार्य योग्यता परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर लघुसूचीबद्ध किया जाएगा.**

10. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 **अंकों** की निगेटिव मार्किंग के साथ प्रश्नपत्र वस्तुनिष्ठ प्रकार का होगा. केवल एलडीसी के लिए अंग्रेजी भाषा परीक्षा में कंपोजिशन और कॉम्प्रिहेंशन पर प्रश्न होंगे.

11. लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा की तिथि पात्र उम्मीदवारों को अलग से सूचित कर दी जाएगी. परीक्षा केवल नासिक (महाराष्ट्र) में आयोजित होगी.

12. किसी भी जानकारी के लिए कोई भी पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

13. एक से अधिक जीवनसाथी के साथ रह रहे या पहले जीवनसाथी के रहते हुए दूसरे से शादी कर चुके उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नहीं हैं.

14. सामान्य श्रेणी के लिए आवेदन कर रहे अजा/अजजा/अपिव उम्मीदवार आयु सीमा में किसी भी छूट के लिए हकदार नहीं हैं.

**15. नियुक्ति प्राधिकारी लिखित/कौशल परीक्षा के लिए उम्मीदवार की उम्मीदवारी को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है. लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षा के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को सभी या किसी तय मानकों को लागू करके लघुसूचीबद्ध किया जाएगा.**

16. किसी भी रूप में सिफारिश/किसी भी प्रभाव, राजनीतिक या अन्य को लाना पद/परीक्षा के लिए अयोग्यता मानी जाएगी. अंतरिम पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा.

17. पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को मौजूदा आदेशानुसार चयन प्रक्रिया पर रखा जाएगा और चयनित उम्मीदवारों को पुलिस प्राधिकारी से चरित्र और पूर्ववृत्त के सत्यापन के बाद और यदि चिकित्सा परीक्षा के बाद स्वस्थ पाए जाते हैं तो ही नियुक्त किया जाएगा.

18. चयनित उम्मीदवार **नव पेंशन योजना (एनपीएएस)-2004** के प्रावधान द्वारा शासित होंगे.

19. चयनित उम्मीदवारों को शुरू में रिक्ति के अनुसार नासिक के किसी भी तीन प्रतिष्ठान में नियुक्त किया जाएगा, बाद में अखिल भारत सेवा स्थानांतरण देयता होगी.

20. लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा में प्रस्तुत होने के लिए उम्मीदवारों को काई टीए/डीए स्वीकार्य नहीं है.

21. चयन/अस्वीकृति संबंधी नियुक्ति प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा.

22. नियुक्ति प्राधिकारी को किसी भी स्तर पर किसी पूर्व सूचना के बिना/कोई भी कारण बताए बिना भर्ती प्रक्रिया की इस अधिसूचना को रद्द करने/स्थगित करने/निलंबित करने/समाप्त करने/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और किसी भी जानकारी के लिए किसी भी पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

23. सभी मामलों में भर्ती बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा और यदि चयनित नहीं होते हैं तो बोर्ड उम्मीदवारों को जवाब भेजने की कोई भी जिम्मेदारी नहीं लेगा.

24. कमांडेंट किसी भी डाक विलंब या अप्राप्ति के लिए जिम्मेदार नहीं होगा. पदों /रिक्तियों की संख्या को भर्ती के समय वास्तविक अपेक्षा के आधार पर कम/ज्यादा किया जा सकता है.

25. ''मल्टी टास्किंग स्टाफ'' के रूप में नियुक्त उम्मीदवारों को **''मल्टी टास्किंग स्टाफ के कार्यों के चार्टर''** के अनुसार कार्य करने होंगे.

26. **प्रश्नपत्र:** सभी लिखित परीक्षाओं के प्रश्नपत्र द्विभाषी होंगे अर्थात् अंग्रेजी और हिन्दी.

27. एलडीसी के पद की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा हेतु पाठ्यविवरण निम्नानुसार है:

**अनुमत समय:** 2 घंटे.

**परीक्षा के विषय निम्नानुसार हैं:**

क. सामान्य बुद्धिमत्ता.

ख. अंग्रेजी भाषा.

ग. **संख्यात्मक** अभिक्षमता

घ. सामान्य जागरूकता.

च. **कौशल परीक्षा (कौशल** परीक्षा कम्प्यूटर पर ली जाएगी).

28. अन्य पद **की भर्ती के लिए** लिखित परीक्षा का पाठ्यविवरण:

| | | |
|---|---|---|
| | अनुमत समय | : 2 घंटे |
| | पीएचपी उम्मीदवार **के लिए अतिरिक्त** समय | : 20 मिनट |
| | प्रश्नपत्र | : वस्तुनिष्ठ प्रकार |
| | निगेटिव मार्किंग | : प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक |
| | पेपर का विषय निम्नानुसार: | |
| क. | सामान्य बुद्धिमत्ता और तर्कशक्ति | : 25 प्रश्न 25 अंक |
| ख. | संख्यात्मक अभिक्षमता | : 25 प्रश्न 25 अंक |
| ग. | सामान्य अंग्रेजी | : 50 प्रश्न 50 अंक |
| घ. | सामान्य जागरूकता | : 50 प्रश्न 50 अंक |

**29. सामान्य अनुदेश:**

**क.** पद के लिए केवल एक आवेदन **जमा** किया जाना चाहिए. अलग-अलग पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को आवेदित पद का **नाम साफ**-साफ लिखकर अलग-अलग आवेदन जमा करने होंगे.

ख. रोज़गार विनिमय द्वारा **प्रायोजित उम्मीदवारों** को भी इस विज्ञापन के अनुसार आवेदन करना होगा.

30. भर्ती में कोई भी **विवाद केवल नासिक** के क्षेत्राधिकार में सुलझाया जाएगा.

31. चयनित उम्मीदवार **दो वर्ष** की परिवीक्षा पर होंगे. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति, जन्मतिथि/शारीरिक विकलांग प्रमाणपत्र और **चिकित्सा स्वस्थता** प्रमाणपत्र के साथ चरित्र और पूर्ववृत्त/शिक्षा प्रमाणपत्र के सत्यापन पर संबंधित **सिविल प्राधिकारी से संतोषजनक** रिपोर्ट पर की जाएगी.

आवेदन प्रारूप

**सेवा में,**

**कमांडेंट**
**मुख्यालय**
**आर्टिलरी केन्द्र**
**नासिक रोड कैंप**
पिन-422102

विधिवत स्व-सत्यापित पासपोर्ट आकार फोटो

.......................................**श्रेणी में** ..................................................... **के पद हेतु आवेदन**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कृपया समाचार पत्र ''.......................'' तिथि ............ में दिया गया विज्ञापन देखें. | | | | |
| 2. | पूरा नाम (बड़े अक्षरों में) | ........................................ | | | |
| 3. | पिता/पति का नाम | ........................................ | | | |
| 4. | लिंग | ........................................ | | | |
| 5. | जन्मतिथि (मैट्रिक प्रमाणपत्र के अनुसार)<br>(आयु के प्रमाण के रूप में प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति संलग्न की जाए) | ........................................ | | | |
| 6. | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार वर्तमान आयु | **वर्ष**..............**माह**..............**दिन**.............. | | | |
| 7. | वैवाहिक स्थिति | ........................................ | | | |
| 8. | राष्ट्रीयता | ........................................ | | | |
| 9. | धर्म/जाति/उपजाति<br>(जाति के प्रमाण के प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति) | ........................................ | | | |
| 10. | **परीक्षा** | **बोर्ड/ विश्वविद्यालय** | **वर्ष** | **प्राप्त अंक** | **अंकों का प्रतिशत** |
| | 10वीं/एसएससी | | | | |
| | 12वीं एचएससी | | | | |
| | अन्य कोई | | | | |
| 11. | यदि पीएचपी श्रेणी के लिए आवेदन किया है: (विधिवत सत्यापित असशक्तता के लिए प्रमाणपत्र संलग्न किया जाना चाहिए) | असशक्तता का प्रकार (खंड क, ख, ग, घ और च के अनुसार आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम के अनुसार) | | | असशक्तता का % |

(क्रमशः)

# रोजगार के अवसर
## (संक्षिप्त जानकारी)

### एनबीसीसी(इंडिया) लिमिटेड
पद - डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर व अन्य
पद संख्या - **कुल 70 पद**
अंतिम तिथि - **08 जनवरी, 2022**
https://nbccindia.in/

### ऑयल इंडिया लिमिटेड
पद - फार्मासिस्ट, नर्स आदि
पद संख्या - **कुल 15 पद**
अंतिम तिथि - **6 जनवरी, 2022**
https://www.oil-india.com/

### एनआईटीटीआरसीएचडी
पद - लेखाकार, तकनीशियन आदि
पद संख्या - **कुल 04 पद**
अंतिम तिथि - **17 जनवरी, 2022**
https://www.nittrchd.ac.in/

### आईआईटी, कानपुर
पद - सीनियर आरईओ, आरईओ(ग्रेड-I)
पद संख्या - **कुल 04 पद**
अंतिम तिथि - **14 जनवरी, 2022**
https://www.iitk.ac.in/

### जेआइपीएमईआर
पद - मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट आदि
पद संख्या - **कुल 32 पद**
अंतिम तिथि - **05 जनवरी, 2022**
https://jipmer.edu.in

### इंडियन कोस्ट गार्ड
पद - नाविक एवं यांत्रिक
पद संख्या - **कुल 322 पद**
अंतिम तिथि - **14 जनवरी, 2022**
https://joinindiancoastguard.gov.in/

### भारतीय तट रक्षक
पद - नाविक, यांत्रिक
पद संख्या - **कुल 322 पद**
अंतिम तिथि - **14 जनवरी, 2022**
https://joinindiancoastguard.cdac.in/

### बीसीपीएल
पद - प्रबंधक, उप प्रबंधक आदि
पद संख्या - **कुल 36 पद**
अंतिम तिथि - **12 जनवरी, 2022**
https://bcplonline.co.in/

## सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी

1. राज्य के किस पर्यटन स्थल को 'हॉट एयर बैलून' से जोड़ा गया है ?
(अ) मेहरानगढ़, जोधपुर (ब) राजसमंद
(स) सोनारगढ़, जैसलमेर (द) जयपुर

2. राजीव गाँधी सेंटर ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना कहाँ की जा रही है ?
(अ) अजमेर (ब) उदयपुर
(स) जयपुर (द) कोटा

3. हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा 'बैक टू वर्क' योजना चलाई गई इसका संबंध है ?
(अ) शिक्षा को बढावा
(ब) मरूस्थल से संबंधित
(स) महिलाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी दिलाने के लिए
(द) ई-कॉमर्स को बढावा

4. गौड़वाड़ पर्यटन सर्किट में नवीनतम कौनसा स्थान शामिल हुआ है ?
(अ) रणकपुर क्षेत्र (ब) जवाई क्षेत्र
(स) बाली दुर्ग (द) खेतला मंदिर

5. ऑक्सीजन मित्र योजना किसके द्वारा चलाई गई है ?
(अ) बीकानेर जिला प्रशासन द्वारा (ब) भीलवाड़ा जिला प्रशासन द्वारा
(स) पाली जिला प्रशासन द्वारा (द) कोई नहीं

6. 'बेस्ट वाइल्डलाइफ डेस्टिनेशन इन द कंट्री' निम्न में से किसे मिला है ?
(अ) सरिस्का अभ्यारण्य, अलवर
(ब) रणथम्भौर अभ्यारण्य, सवाई माधोपुर
(स) कुंभलगढ़, राजसमंद
(द) इनमें से कोई नहीं

7. राजस्थान में अमेरिकन कपास का उत्पादन किस जिले में होता है ?
(अ) चुरू (ब) बीकानेर
(स) हनुमानगढ़ (द) श्रीगंगानगर

8. राजस्थान की 'ट्रेफिक सिग्नल फ्री सिटी' कौनसी बनी है ?
(अ) पाली (ब) सिरोही (स) कोटा (द) बूंदी

9. राजस्थान का प्रथम ऑर्गेनिक फ्रेश मार्केट कहाँ खुला है ?
(अ) अलवर (ब) जयपुर (स) अजमेर (द) कोटा

10. रायसिंह प्रशस्ति कहाँ स्थित है ?
(अ) जूनागढ दुर्ग में (ब) भटनेर दुर्ग
(स) लालगढ दुर्ग में (द) देशनोक में

11. हाल ही में भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किस देश में पुनर्निर्मित रमना काली मंदिर का उद्घाटन किया है ?
(अ) नेपाल (ब) बांग्लादेश (स) मालदीव (द) कोई नहीं

12. भारत में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय किसान दिवस का आयोजन कब किया जाता है ?
(अ) 21 दिसंबर (ब) 22 दिसंबर
(स) 23 दिसंबर (द) 24 दिसंबर

13. 22 दिसंबर 2021 को किसने वर्नाक्यूलर इनोवेशन प्रोग्राम (वीआईपी) शुरू किया है ?
(अ) CSIR (ब) नीति आयोग
(स) UGC (द) प्रसार भारती

14. चिकित्सा शास्त्र का जनक किसे कहा जाता है ?
(अ) अरस्तु (ब) हिप्पोक्रेटस
(स) गैलन (द) इनमें से कोई नहीं

15. ध्वनि प्रदूषण को मापने की इकाई है ?
(अ) डेसीमीटर (ब) डेसीबल
(स) डेसीलीटर (द) इनमें से कोई नहीं

**उत्तरमाला**

1(ब) 2(स) 3(स) 4(द) 5(अ) 6(ब) 7(द) 8(स) 9(ब) 10(अ) 11(ब) 12(स) 13(ब) 14(ब) 15(ब)

(पृष्ठ 7 का शेष)

| | | |
|---|---|---|
| 12. | अनुभव प्रमाणपत्र, यदि कोई है | |
| 13. | विकल्प/टाइपिंग/कौशल परीक्षा का विकल्प (केवल एलडीसी के लिए) | ............(हिन्दी/अंग्रेजी) |
| 14. | रोजगार पंजीकरण कार्ड सं. और तिथि के साथ जिला, यदि कोई है | |
| 15. | पिन कोड के साथ पत्राचार हेतु पता | |
| 16. | मोबाइल नंबर और ईमेल पता (यदि कोई है) | |

घोषणा

मैं, श्री/श्रीमती/कुमारी............................ एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि आवेदन में दिए गए सभी कथन मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुरूप सत्य, पूर्ण और सही है. मैं समझता हूं कि कोई भी जानकारी झूठी/गलत या लिखित परीक्षा/अभिक्षमता परीक्षा से पहले या बाद में अपात्रता पाई जाती है तो मेरी उम्मीदवारी को अस्वीकार कर दिया जाएगा या नियुक्ति के बाद भी कोई भी गलत कथन/विसंगति पर मेरी सेवाओं को मुझे सूचना दिए बिना समाप्त कर दिया जाएगा.

स्थान:

तिथि: (आवेदक के हस्ताक्षर)


### एन. एस. आई. सी. तकनीकी सेवा केंद्र
राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (भारत सरकार का उद्यम)
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत

**प्रवेश सूचना**

एनएसआईसी तकनीकी सेवा केंद्र उद्योग केंद्रित, नौकरी उन्मुख और उद्यमिता प्रशिक्षण आयोजित करने में अग्रणी है। केंद्र तकनीकी प्रशिक्षण/प्रौद्योगिकी साझा करने में अग्रणी ज्ञान भागीदारों के साथ जुड़ा हुआ है।
उद्योग संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगा।

| क्र.सं. | पाठ्यक्रम का नाम | अवधि / शुल्क* | प्रवेश | योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | टूल डिज़ाइन एंड एडवांस मेन्युफैक्चरिंग में मास्टर सर्टिफिकेट कोर्स (MCTDM) | 6 माह / रु 30,000 | 10 | बी.ई./ बी.टेक |
| 2. | कोर्डिनेट मेजरिंग मशीन (CMM) | 2 सप्ताह / रु 20,000 | 10 | बी.ई./ बी.टेक / डिप्लोमा |
| 3. | सी एन सी टेक्नोलॉजी में मास्टर सर्टिफिकेट कोर्स (MCCT) | 6 माह / रु 21,000 | 10 | |
| 4. | क्वालिटी कंट्रोल & इंस्पेक्शन (मैके.) (QCI) | 1 वर्ष / रु 20,400 | 10 | 12 पास |
| 5. | सी एन सी मशीनिंग में एडवांस सर्टिफिकेट कोर्स (ADCNC) | 1 वर्ष / रु 24,000 | 10 | 10 पास |
| 6. | रेफ्रिजिरेशन एंड एयर कंडिशनिंग (शाम और सप्ताहांत बैच भी उपलब्ध हैं) | 1 वर्ष / रु 20,400 | 10 | 10 पास |

सूचना: अतिरिक्त जीएसटी देना होगा। योग्य उम्मीदवारों को प्लेसमेंट प्रदान किया जाएगा।
अधिक जानकारी के लिये कृपया 8013606040, 9871955535 पर सम्पर्क करें।
ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट, फेस-3, गोविंदपुरी मेट्रो स्टेशन के पास, नई दिल्ली -110020, फोन . 011-26826797, 26826801 एक्स. 228 या 230
ई-मेल: admission@nsic.co.in., वेबसाइट : www.nsic.co.in


## वार्षिक अभिदाताओं हेतु आवश्यक सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश (पाक्षिक) के वार्षिक अभिदाता बनने हेतु अथवा वर्तमान में चल रहे अभिदाता जिनका वार्षिक शुल्क समाप्त होने जा रहा है वे रुपए 40/- की राशि का भारतीय पोस्टल आर्डर या डिमान्ड ड्राफ्ट सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश के पक्ष में भेजकर इस पाक्षिक पत्र के वार्षिक सदस्य बन सकते हैं। - संपादक

## सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश के प्रकाशित लेखों एवं प्रशिक्षण एक परिचय में प्रयुक्त विषय वस्तु लेखकों / संस्थानों की अपनी है। सम्पादक इन विषय वस्तु एवं इनसे उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के विवाद के लिए किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं है। - सम्पादक


## राजस्थान रोजगार संदेश
मुख्य सम्पादक
**महेश शर्मा**
निदेशक, रोजगार सेवा निदेशालय
राजस्थान, जयपुर
मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक
**हरी राम बडगूजर**
सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश, जयपुर,
डाक का पता : सहायक निदेशक प्रकाशन, दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर, पिनकोड- 302001, फोन- 2368398
e-mail— adrs.jpr.emp@rajasthan.gov.in